प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने रांची में छापेमारी की है। ईडी ने आईएएस अधिकारी विनय चौबे और संबंधित अधिकारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेन्द्र सिंह के ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है।

****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को गढ़वा में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस सिलसिले में राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, उत्तर प्रदेश के मंत्री उमाशंकर और पलामू के सांसद वीडी राम ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से स्थानीय कार्यकर्ताओं को नयी ऊर्जा मिलेगी।

****************

राज्य में 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। दूसरे चरण में अड़तीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। पर्चों की जांच कल की जाएगी और उम्मीदवार 1 नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। इधर दूसरे चरण के लिए आज एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अपनी उम्मीदवारी के पर्चे दाखिल कर रहे हैं। आज बरहेट से भाजपा प्रत्याशी गमालियल हेम्ब्रम, लिट्टीपाड़ा से बाबूधन मुर्मू , महेशपुर से नवनीत हेम्ब्रम और टुंडी से विकास महतो ने अपना नामांकन दाखिल किया। जबकि इंडी गठबंधन से पाकुड़ से कांग्रेस प्रत्याशी निशांत आलम ने चुनावी पर्चा दाखिल किया।

****************

भाजपा ने जामताड़ा विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ अमर्यादित बयान देने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी की कड़ी आलोचना की है। पार्टी की प्रवक्ता राफिया नाज ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि महिलाओं को अपमानित करना कांग्रेस का प्रोटोकॉल है।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दावा किया है कि झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पैसे नहीं होने की बात कही है। उन्होंने संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर भी राज्य सरकार की आलोचना की।

****************

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि झारखंड में फिर गठबंधन की सरकार बन रही है। देवघर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य का चुनावी माहौल इंडिया गठबंधन के पक्ष में है।

****************

विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जामताड़ा में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****************

हॉकी में, महिला एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा कर दी गई है। यह टूर्नामेंट 11 से 20 नवंबर तक बिहार में राजगीर में खेला जाएगा। भारत की कप्तानी मिड फील्डर झारखंड की सलीमा टेटे करेंगी और फॉरवर्ड खिलाड़ी नवनीत कौर उप–कप्तान होंगी। टूर्नामेंट में, भारत का पहला मुकाबला मलेशिया के साथ होगा। चीन, जापान, कोरिया और थाईलैंड प्रतियोगिता की अन्य टीमें हैं। पिछली बार यह टूर्नामेंट भारत ने जीता था।

********* समाप्त ********